# सामान्य अध्ययन ( टेस्ट - XIV )

# GENERAL STUDIES (Test - XIV)

**मॉड्यूल - XIV / Module - XIV**

**DTVF/18(JS)–M–GS24**

*निर्धारित समय: तीन घंटे*
*Time allowed: Three Hours*

*अधिकतम अंक: 250*
*Maximum Marks: 250*

नाम (Name): Anoop Meena

क्या आप इस बार मुख्य परीक्षा दे रहे हैं? | हाँ | ✓ | नहीं | |

मोबाइल नं. (Mobile No.):

ई-मेल पता (E-mail address):

टेस्ट नं. एवं दिनांक (Test No. & Date): 24, sept 10, 2018

रोल नं. [यू.पी.एस.सी. (प्रा.) परीक्षा-2018] [Roll.No. UPSC (Pre) Exam-2018]:

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 8 | 3 | 4 | 4 | 6 | 9 |

परीक्षा का माध्यम (Medium of Exam.): हिंदी

विद्यार्थी के हस्ताक्षर (Student's Signature): [signature]

नोट: प्रश्न-पत्र के लिये विशिष्ट अनुदेश अंतिम पृष्ठ पर संलग्न है।

## Evaluation Analysis




मूल्यांकनकर्त्ता ( कोड तथा हस्ताक्षर )
*Evaluator (Code & Signatures)*

पुनरीक्षणकर्त्ता ( कोड तथा हस्ताक्षर )
*Reviewer (Code & Signatures)*

## मूल्यांकन की पद्धति

प्रिय अभ्यर्थियों,

आपकी उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए परीक्षक-समूह के सदस्य निम्नलिखित निर्देशों का ध्यान रखते हैं। आप भी इन्हें ध्यान से पढ़ें ताकि आप अपने प्राप्तांकों का तार्किक कारण समझ सकें।

### परीक्षकों के लिये निर्देश

1. मूल्यांकन में अंकों का वही स्तर रखा जाना चाहिये जैसा संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) के परीक्षकों द्वारा रखा जाता है।
2. सामान्य अध्ययन का जो उत्तर हर दृष्टिकोण से सटीक व उत्कृष्ट है; उसे अधिकतम 60% अंक दिये जाने चाहियें क्योंकि आयोग द्वारा किये जाने वाले मूल्यांकन में भी इससे अधिक अंक मिलना लगभग असंभव है। वैकल्पिक विषयों के उत्कृष्ट उत्तरों तथा श्रेष्ठतम निबंधों में अधिकतम 70% तक अंक दिये जा सकते हैं।
3. कृपया अंकों का वितरण निम्नलिखित तालिका के अनुसार करें-

| उत्तर का स्तर (Standard of Answer) | सामान्य अध्ययन में अंक-स्तर (Marks Standard G.S.) | वैकल्पिक विषय तथा निबंध में अंक-स्तर (Marks Standard - Optional Subject and Essay) |
|---|---|---|
| उत्कृष्ट (Excellent) | 51-60% | 61-70% |
| बहुत अच्छा (Very Good) | 41-50% | 51-60% |
| अच्छा (Good) | 31-40% | 41-50% |
| औसत (Average) | 21-30% | 31-40% |
| कमज़ोर (Poor) | 0-20% | 0-30% |

4. कृपया उत्तर में निम्नलिखित गुणों को विशेष प्रोत्साहन दें-
   - प्रश्न की सटीक समझ व उत्तर की व्यवस्थित रूपरेखा
   - संक्षिप्त, टू-द-पॉइंट लेखन शैली
   - प्रामाणिक तथ्यों का समुचित उपयोग
   - अधिकतम ज़रूरी बिंदुओं का समावेश
   - सरकारी दस्तावेज़ों (मंत्रालयों/आयोगों की रिपोर्ट्स, पॉलिसी पेपर्स आदि) के संदर्भों की चर्चा
   - प्रभावी भूमिका व निष्कर्ष
   - समकालीन घटनाओं/प्रसंगों को उत्तर से जोड़ना
   - दृष्टिकोण में संतुलन, समावेशन व गहराई
   - अच्छी, साफ-सुथरी हैंडराइटिंग
   - भाषा में प्रवाह
   - आवश्यकतानुसार डायग्राम्स, नक्शों आदि का प्रयोग
   - तकनीकी शब्दावली का सटीक उपयोग
   - सुंदर प्रस्तुति शैली (छोटे पैराग्राफ्स रखना, महत्त्वपूर्ण शब्दों को अंडरलाइन करना आदि)
   - विराम चिह्नों का समुचित प्रयोग
   - भाषा में वर्तनी व व्याकरण की शुद्धता
5. टॉपर्स के अनुभव बताते हैं कि उत्तर की विषयवस्तु अच्छी होने पर आयोग के परीक्षक शब्द-सीमा के थोड़े बहुत उल्लंघन पर अंक नहीं काटते हैं। कृपया आप भी इसी दृष्टिकोण के अनुसार अंक-निर्धारण करें।

## Method of Evaluation

Dear Candidates,

While assessing your answer-scripts, the evaluators are required to follow the given instructions. You should also read them carefully to understand the logic behind the marks obtained by you in the tests.

### Instructions for the Evaluators

1. The level of marks while evaluating the answers should be kept as per UPSC (Union Public Service Commission) standards as far as possible.
2. The answers of General Studies which are accurate and excellent from every perspective should be awarded a maximum of 60% marks as it is almost impossible to get more than that in actual UPSC examination. Excellent answers in optional subjects and the best written essays can be awarded a maximum of 70% marks.
3. Please assign the marks according to the following table-
4. Please devote special attention to the following qualities in an answer–
   - Accurate understanding of the question and systematic presentation of the answer
   - Crisp and to the point writing style
   - Adequate use of authentic facts
   - Inclusion of all the important points
   - Citing of relevant facts and figures from relevant official documents (Ministries /Commissions Reports, Policy Papers etc.)
   - Effective introduction and conclusion
   - Linking of current events and situations with the answer
   - Balance and depth in answer-writing
   - Legible and clean handwriting
   - Flow of language
   - Use of diagrams, maps etc
   - Precise use of technical terminology
   - Beautiful presentation style (small paragraphs, underlining important words etc.)
   - Proper use of punctuations
   - Correct spellings and right use of grammar
5. Experience of UPSC toppers also indicates that if the content of the answer is good, the UPSC examiners do not cut the marks on slight violations of the word-limit. Please award marks strictly according to the above-mentioned instructions.

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

## खण्ड - क / SECTION – A

1. निम्नलिखित मूल्यों का अर्थ स्पष्ट करते हुए सिविल सेवक के रूप में इसकी प्रासंगिकता को स्पष्ट करें। (150 शब्द) 10

Explain the meaning of the following values and their relevance for a civil servant. (150 words) 10

(a) दृढ़ता/Perseverance/Persistence

(b) सेवा भावना/Spirit of service

(c) करूणा/Compassion

(d) जवाबदेहिता/Accountability

a) दृढ़ता से तात्पर्य अपने लक्ष्यों व कर्त्तव्यों के प्रति उच्च स्तर की प्रतिबद्धता से है। वर्तमान में सिविल सेवकों को राजनीतिक दबाव, नागरिक समाज के दबाव का सामना करना पड़ता है। अतः इन परिस्थितियों के मद्देनजर दृढ़ता की सिविल सेवकों के लिए पर्याप्त प्रासंगिकता है। यह लोकसेवा की बेहतर डिलीवरी करने में सक्षम बनाती है।

b) सेवा भावना से तात्पर्य है अपने कर्त्तव्य को स्वधर्म समझकर जनता को त्वरित व बेहतरीन सुविधायें व अवसर प्रदान करने का प्रयास करना। वर्तमान में सिविल सेवकों में उपभोक्तावाद व भौतिकवाद का स्तर


Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें। (Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें। (Please don't write anything in this space)

कृमिक रूप से बढ रहा है। साथ ही वे जनता का सेवक समझने की जगह स्वयं को मालिक समझने लगे है। अतः इस संदर्भ में संसाधनों के दक्षतापूर्ण उपयोग, संवैधानिक आदर्शों की पूर्ति, सामाजिक न्याय की स्थापना हेतु सेवा भावना की वर्तमान मे प्रासंगिकता बढी है।

(c) करुणा से तात्पर्य है किसी व्यक्ति की सामाजिक व आर्थिक परिस्थितियों को देखकर व्यावहारिक स्तर की सहानुभूति।

वर्तमान में दलित, महिलाएँ, दिव्यांगों के कल्याण व सामाजिक न्याय की स्थापना हेतु करुणा की प्रासंगिकता है

(d) जवाबदेहिता से तात्पर्य है अपने कृत्यों की औचित्यता को तार्किक आधार पर सिद्ध करना। जैसे- संवैधानिक आदर्श, नीति संहिता व आचरण संहिता।

वर्तमान मे भ्रष्टाचार, उचित पारदर्शिता न होने जैसी समस्याओं



Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

का समाधान करके बेहतर कार्य संस्कृति का निर्माण करने, लोकनिधियों का दक्षतम उपयोग करने हेतु इसका महत्व है

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)


641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष: 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

2. "मनुष्यता सिर्फ साध्य है, इसे कभी भी साधन नहीं बनाया जाना चाहिये।" तर्कों द्वारा इस कथन के समर्थन में चर्चा करें। (150 शब्द) 10

"Humanity is just an objective, it should never be made a tool." Give arguments in favour of this statement. (150 words) 10

'मनुष्यता सिर्फ साध्य है' इससे तात्पर्य है मानवोचित मूल्यों जैसे सत्यनिष्ठा, सहानुभूति, सहयोग ~~[illegible]~~ के माध्यम से मानव उच्चस्तरीय जीवन जीकर मानवता को प्राप्त कर सकता है। इससे मानव-मानव सहसंबंध सकारात्मक स्वरूप लिए है एवं सतत प्रगतिशील होते है।

"मनुष्यता को कभी साधन नहीं बनाना चाहिए' से तात्पर्य है कि मानव को अपने हितों की पूर्ति के लिए अन्य मनुष्यों या मानवोचित गुणों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

उदाहरण → महात्मा गाँधी ने स्वतंत्रता की प्राप्ति हेतु (जो कि मनुष्यता का ही एक घटक है) अहिंसात्मक गतिविधियों का प्रयोग किया।

यहाँ स्वतंत्रता साध्य है तो अहिंसात्मक गतिविधियाँ साधन है इसमें उन्होंने



Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें। (Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें। (Please don't write anything in this space)

क्रांतिकारी गतिविधियों के माध्यम से स्वतंत्रता प्राप्ति या फासीवादी शक्तियों के माध्यम से स्वतंत्रता प्राप्ति का सदैव विरोध किया।

इसी तरह मार्टिन लूथर किंग ने नस्लभेद को समाप्त करने हेतु अमेरिका में सत्याग्रह की नीति अपनाकर पवित्र मानवता हेतु पवित्र साधनों को अपनाया।

समग्रतः उपर्युक्त उदाहरणों से प्रतीत होता है कि साधन - साध्य में पवित्रता हो। यह विचार वर्तमान में और भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि समाज में उपभोक्तावाद, गलाकाट प्रतिस्पर्द्धा, मॉब लिंचिंग जैसी घटनायें बढ़ रही हैं।


641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष: 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

3. एक सशक्त एवं भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण में सूचना का अधिकार किस प्रकार भूमिका निभा सकता है? तर्कों के साथ स्पष्ट करें। (150 शब्द) 10

How can the right to information lead towards an empowered and corruption free society? Explain. (150 words) 10

भ्रष्टाचार से तात्पर्य है सार्वजनिक निधियों, शक्तियों का व्यक्तिगत हितों हेतु प्रयोग करना।

भ्रष्टाचार की समाप्ति हेतु सिटीजन चार्टर, भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम 1988, ई-गवर्नेंस व सूचना का अधिकार अधिनियम जैसी संस्थागत व्यवस्थायें अपनायी गयी है।

सूचना का अधिकार अधिनियम निम्नलिखित रूप से भ्रष्टाचार मुक्त सशक्त समाज बनाने में सहायता कर सकता है -

→ यह अधिकार गोपनीयता की संस्कृति की जगह पारदर्शिता की संस्कृति को बढ़ावा देता है। वस्तुतः सूचना के मुक्त प्रवाह को बढ़ाकर यह पारदर्शिता बढ़ाता है।

→ यह अधिकार शासन में जनता की सहभागिता को बढ़ाकर प्रशासनिक व राजनीतिक निर्णयों जनता के मतों को


Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

शामिल करके लोकतांत्रिक विधि बनाने में सहायता करता है।

→ सूचना का अधिकार अधिनियम सार्वजनिक निधियों के दक्षतम व अनुकूलतम उपयोग को बढ़ाने हेतु प्रश्न पूछने की संस्कृति विकसित करता है।

→ सामाजिक न्याय की स्थापना हेतु यह अधिकार सहायक है एवं अधिक समावेशी समाज के निर्माण में सहायता करता है। वस्तुतः ST, SC समुदायों तक सूचनाओं का बेहतर प्रवाह होता है।

→ समग्रतः उत्तरदायित्व की भावना को बढ़ाता है। अन्य उपायों में सिटीजन चार्टर, भ्रष्टाचार निरोधक संस्थाओं का सुदृढ़ीकरण करना, लोकपाल व लोकायुक्त की नियुक्ति जैसे उपाय शामिल हैं।


641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष: 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

4. (a) क्या गांधी जी के "अपरिग्रह" व्रत का पालन करने से समाज में विषमता को दूर किया जा सकता है? तर्क के साथ चर्चा करें। (150 शब्द) 10

Can inequality in the society be eradicated by following the Gandhiji's vow of Aparigraha (non-possessiveness)? Discuss. (150 words) 10

हाल में ऑक्सफैम की एक रिपोर्ट → रिवार्ड वर्क नॉट वेल्थ में यह सामने आया है कि भारत में 2017 में शीर्ष 1% लोगों ने 73% संपत्ति अर्जित की है। यह समाज में बढ़ती असमानता का प्रतीक है।

गाँधीजी के अपरिग्रह के सिद्धांत का मतलब है चोरी न करना। यह कई स्तरों से संबंधित है जैसे- आर्थिक क्षेत्र में न्यासिता के सिद्धांत को लागू करना, विचारों की चोरी न करना आदि।

यह सिद्धांत समाज में अमीर वर्गों में न्यासिता के सिद्धांत के अनुरूप उत्तरदायित्व की भावना व कर्त्तव्यों की भावना विकसित करता है तथा समाज के वंचित वर्गों जैसे ST, SC, महिलाओं के उत्थान में सहायक हो सकता है



Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

यह सिद्धांत अमीर लोगों में यह भावना उत्पन्न करता है कि अनैतिक साधनों से कमाए गए धन के परिणाम अनैतिक हो सकते है यह साधनों की पवित्रता पर बल देकर भ्रष्टाचार जैसी गतिविधियों को सीमित करता है। जिससे सार्वजनिक धन या अधिकारियों का वास्तविक लाभार्थियों तक हस्तांतरण होता है

अपरिग्रह का सिद्धांत यह बताता है कि यदि कंपनियों की वर्तमान आर्थिक स्थिति समाज की वजह से ही है अत: समाज को प्रतिफल प्रदान करना उनका दायित्व है

इस तरह अपरिग्रह व न्यासिता मिलकर सामाजिक असमानता को नियंत्रित कर सकते हैं



Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

(b) "राज्य, व्यक्ति या संस्था द्वारा दिये जाने वाले दण्ड मात्र से किसी व्यक्ति में सुधार संभव नहीं है।" प्रस्तुत विषय पर चर्चा करें, साथ ही व्यक्ति में सुधार के संबंध में उपायों को भी स्पष्ट करें। (150 शब्द) 10

"Only retribution by a state, person or institution cannot reform an individual." Discuss. Suggest measures to reform a person. (150 words) 10

वर्तमान में अनैतिक कृत्यों में संलिप्त या आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों को प्रतिशोधात्मक रूप से दण्ड देने की प्रक्रिया प्रचलन में है

दण्डमात्र से व्यक्ति में सुधार संभव नही है क्योंकि →

→ इसमें प्रतिशोधात्मक भावना बढ़ती है जिससे वह पुनः अपराधों को बड़े स्तर पर अंजाम देता है

→ बार-बार दण्ड देने से उसमें प्रतिरोध की भावना विकसित हो जाती है वह आपराधिक न्याय प्रणाली का मजाक उड़ाने लगता है

परंतु दण्ड को पूर्णतः अप्रासंगिक नहीं ठहराया जा सकता है बलात्कार, आतंकवाद जैसे संगीन अपराधों हेतु


Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

दण्ड अपरिहार्य है परंतु समानांतर रूप से सुधारात्मक गतिविधियाँ भी चलनी चाहिए —— (उपाय)

→ व्यक्ति को उसके अपराध की गहनता के बारे में बताकर उसे भान कराना कि यह उसके सामाजिक उत्तरदायित्व की धारणा के विपरीत है

→ आदतन अपराधी को मनोवैज्ञानिक सहायता उपलब्ध कराना। साथ ही इनका समाज में बेहतर समावेशन करके सुधार संभव है।

→ अपराधियों का वर्गीकरण करके सुधारात्मक उपाय अपनाना, जैसे चोरी करने वाले को इस लिखित आधार पर छोड़ना कि वह पुनः चोरी न करे।

इस तरह दण्ड व सुधार की प्रक्रिया के समानांतर चलते रहने से ~~सुधार सं~~ अपराधों में कमी संभव है


641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष: 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।

(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।

(Please don't write anything in this space)

5. (a) उपयोगितावाद का मूल आदर्श "अधिकतम व्यक्तियों का अधिकतम सुख" व्यक्ति एवं राज्य के लिये किस प्रकार उपयोगी हो सकता है? स्पष्ट कीजिये। साथ ही, इस आदर्श को पूर्णतः नैतिक मानने में विद्यमान कमियों को स्पष्ट कीजिये? (150 शब्द) 10

How can the basic idea of utilitarianism 'the greatest happiness of the greatest number' be useful for a person or state? Explain. Also, highlight the flaws that prevent this ideal from being considered completely ethical. (150 words) 10

उपयोगितावाद के विचार विचार के मुख्य समर्थक जे० एस० मिल व जेरेमी बेंथम थे। उन्होंने ही अधिकतम व्यक्तियों के अधिकतम सुख की अवधारणा का प्रतिपादन किया है।

यह अवधारणा व्यक्ति व समाज हेतु निम्नलिखित रूप में उपयोगी हो सकती है -

→ यह राज्य को लोककल्याणकारी स्वरूप से युक्त करके उस पर उत्तरदायित्व की भावना को लागू करती है।

→ यह सिद्धांत समाज में गरीबी व विषमता को समाप्त करने की समर्थक है क्योंकि इसमें अधिकतम लोगों को शामिल करने का विचार है।

→ यह सिद्धांत संसाधनों के समतापूर्ण



Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

वितरण, दक्षतापूर्ण उपयोग करके राज्य व व्यक्तियों में विश्वास उत्पन्न करती है

परंतु इस आदर्श की निम्नलिखित कमियाँ है -

→ यह अधिकतम लोगों के अधिकतम सुख की धारणा का समर्थन करके बहुसंख्यकों को अल्पसंख्यकों पर वरीयता प्रदान करती है। जिससे अल्पसंख्यकों में असुरक्षा बढ़ती है

→ यह समतापूर्वक विकास व गाँधी के सर्वोदय के विचार के समानार्थी है साथ ही इस सिद्धांत में प्रभावशाली लोग वंचितों व पिछड़ो की तुलना में अधिक लाभ प्राप्त करने में समर्थ रहेंगे।

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)



641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष: 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।

(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।

(Please don't write anything in this space)

(b) एक सिविल सेवक के लिये प्रतिबद्धता जैसे मूल्य की क्या प्रासंगिकता हैं? इसे स्पष्ट करें। साथ ही, इस मूल्य का पालन करते समय एक सिविल सेवक को किन विषयों का ध्यान रखना चाहिये? चर्चा कीजिये। (150 शब्द) 10

What is the significance of values like commitment for a civil servant? Explain. Also, discuss the issues that should be considered by the civil servant while complying with this value. (150 words) 10

प्रतिबद्धता से तात्पर्य है अपने उद्देश्यों, कर्त्तव्यों व दायित्वों की पूर्ति हेतु व निष्पादन हेतु उच्चस्तरीय समर्पण की भावना।

इस ~~सिद्धांत~~ मूल्य की सिविल सेवकों हेतु प्रासंगिकता →

→ लोकसेवाओं के बेहतर वितरण के लिए योजनाओं व कार्यक्रमों के उचित क्रियान्वयन के प्रति प्रतिबद्धता आवश्यक है।

→ सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए प्रतिबद्धता की प्रासंगिकता है यह वंचितों को अधिक लाभ दिलाने में सहायक है।

→ प्रतिबद्धता के द्वारा निर्णयों में स्वच्छता, राजनीतिक दबाव को सहन करने में सहायता मिलती है।

प्रतिबद्धता का पालन करते समय


Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

सिविल सेवक को निम्नलिखित विषयों का ध्यान रखना चाहिए —

→ सर्वप्रथम सिविल सेवक यह ध्यान रखे की उसकी प्रतिबद्धता संवैधानिक आदर्श, संसदीय नियमों व नैतिक मूल्यों के प्रति हो।

→ सिविल सेवकों को यह ध्यान रखना चाहिए की प्रतिबद्धता की अतिशयता कहीं राजनीतिक दलों के प्रति निष्ठा न बन जाने लगे। इससे तटस्थता का मूल्य भंग हो सकता है

साथ ही सिविल सेवक द्वारा सामाजिक न्याय, वंचित वर्गों, अपने कर्त्तव्यों, भारत की विविधता, जनता की इच्छा का भी ध्यान रखना चाहिए।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।

(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।

(Please don't write anything in this space)

6. (a) ईमानदार प्रवृत्ति वाले अधिकारियों की नियुक्ति में सतर्कता मंज़ूरी (Vigilance Clearance) कहाँ तक सहायक हो सकता है? चर्चा करें। आपके अनुसार इसमें सुधार के लिये और कौन-से उपायों का सहारा लिया जा सकता है? (150 शब्द) 10

How can the 'vigilance clearance' in the appointment of honest officers be helpful? Discuss. According to you what measures can be taken to improve this? (150 words) 10

ईमानदार होने से तात्पर्य है अपने आंतरिक अनुशासन व कर्त्यों व मूल्यों मे सम्बद्धता हो।

ईमानदार व्यक्तियों की नियुक्ति मे सतर्कता मंजूरी के द्वारा के द्वारा प्रशासन विशेषकर उच्चस्तरीय पदाधिकारियों की नियुक्ति मे भ्रष्टाचार लोगों को रोका जा सकता है।

सतर्कता मंजूरी के द्वारा अधिकारियों मे सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता की जाँच करके नियुक्ति मे उच्च नैतिक मूल्य वाले व्यक्तियों की नियुक्ति मे सहायता मिलती है। साथ ही यह प्रशासन को जवाबदेह व पारदर्शी बनाए रखने मैं सहायता करती है।

~~ईमान~~ ईमानदार व्यक्तियों की नियुक्ति मे सुधार हेतु अन्य उपाय →

→ विशेषज्ञ समिति यह निर्धारित करे कि



641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष: 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias

Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

सत्यनिष्ठता व कार्यनिष्पादन का स्तर क्या है सत्यनिष्ठ व्यक्तियों की सूची सतर्कता आयोग को सौंपनी चाहिए।

→ पदोन्नति का आधार कार्य निष्पादन व वरिष्ठता को सहगामी रूप से अपनाने के साथ-साथ उच्च नैतिक मूल्यों को बनाना चाहिए।

→ वर्तमान प्रशासनिक तंत्र में जवाबदेहिता व बेहतर कार्यसंस्कृति का निर्माण करके व भ्रष्टाचार निवारक उपायों में लागू करके ईमानदार व्यक्तियों को नियुक्त किया जा सकता है।

• परीक्षा प्रणाली में मनोवैज्ञानिक पहलुओं का समावेश करके भी ईमानदार प्रवृत्ति वाले अधिकारियों की संख्या को बढ़ाया जा सकता है। साथ ही 360° मूल्यांकन प्रणाली द्वारा ईमानदारी सुनिश्चित की जा सकती है


641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष: 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।

(Please do not write anything except the question number in this space)

(b) भारत और इसके नागरिकों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिये शासन में संस्थागत सुधार एवं नीतिगत परिवर्तनों की आवश्यकता है। आपके अनुसार शासन में सुधार के लिये कौन-सी रणनीति अपनाई जानी चाहिये। (150 शब्द) 10

There is need of institutional reform and policy change in governance to meet the aspiration of india and its citizen. According to you which strategy should be adopted to improve the governance. (150 words) 10

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।

(Please don't write anything in this space)

भारत व नागरिकों की आकांक्षायें बहुआयामी हैं। इसमें आर्थिक, सामाजिक व पर्यावरणीय जैसे पहलुओं का समावेश है जैसे- सतत विकास, भारत को महाशक्ति के रूप में उभारना, निर्धनता व गरीबी पर नियंत्रण, समावेशी विकास आदि।

इसके लिए शासन में संस्थागत व नीतिगत सुधारों हेतु निम्नलिखित रणनीति अपनायी जा सकती है-

→ सर्वप्रथम संस्थागत स्तर पर प्रयासों में उत्तरदायित्व व पारदर्शिता की संस्कृति को बढ़ाकर बेहतर कार्यसंस्कृति का निर्माण करना होगा क्योंकि यह राजनीतिक व प्रशासनिक भ्रष्टाचार को नियंत्रित करेगी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हेतु



Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

सामाजिक लेखा परीक्षा, भ्रष्टाचार निरोधक संस्थाओं के बेहतर क्रियान्वयन की जरूरत है

→ नीतिगत परिवर्तनों में जनसहभागिता एवं नीति निर्माण में बढ़ाने हेतु ई-गवर्नेंस, ग्रीन पेपर जैसी अवधारणायें अपनानी चाहिए।

→ साथ ही एक समान दृष्टिकोण न अपनाकर सामाजिक, आर्थिक व भौगोलिक विशिष्टता के अनुरूप विभेदीकृत दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

→ शासन में ईमानदारी सुनिश्चित करने, सिटीजन चार्टर को अनिवार्यतः लागू करने के प्रयास करने चाहिए।

→ वायुप्रदूषण पर नियंत्रण करने हेतु विधिक प्रावधान करने चाहिए व उनको सख्ती से क्रियान्वित करने चाहिए।

→ समावेशी विकास व सर्वांगीण विकास की अवधारणा को नीतियों में समाविष्ट करना चाहिए।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।

(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।

(Please don't write anything in this space)

7. (a) दुःख हमें उदास, अपराधबोध कराने नहीं आता, बल्कि सचेत करने और बुद्धिमान बनाने आता है। एक व्यक्ति तथा वैश्विक संकट के संदर्भ में इस कथन का परीक्षण करें। (150 शब्द) 10

Misery befalls to make us conscious and intelligent rather than to feel sad and guilty. Examine the statement with respect to a person and global crisis. (150 words) 10

दुःख एक आत्मिक व भावनात्मक रूप से नकारात्मक भावना वाला विचार है। वस्तुतः यह सर्वमान्य धारणा है कि दुःख मानव के मनोबल को कमजोर करता है एवं उसकी भावी योजनाओं को बाधित करता है।

परंतु दुःख एक एक अन्य पक्ष सचेत व बुद्धिमान बनाने वाला भी होता है।

→ वस्तुतः वैयक्तिक स्तर पर देखें तो दुःख का उदय रणनीतिक असफलता व अति महत्वाकांक्षाओं के कारण होता है। ~~यदि व्यक्ति~~ दुःख यह व्यक्ति को उसकी क्षमताओं से परिचित कराता है साथ ही उसकी सफलता के क्षेत्र से। जैसे- एक व्यक्ति IAS बनना चाहता है परंतु उसने शिक्षा या वैज्ञानिक बनने का चयन किया। सफलता न मिलने पर होने



Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

वाला दुःख उसको गलत चयन के प्रति सचेत करता है एवं भविष्य में निर्णयों हेतु स्पष्टता प्रदान करता है

→ वर्तमान में वैश्विक स्तर पर शरणार्थियों, जलवायु परिवर्तन, असमावेशी विकास की धारा प्रवाहित है मानव को नेपाल भूकंप, मैक्सिको भूकंप व जापान में सुनामी जैसे घटनाओं ने दुःख बोध कराकर उसका प्रकृति में अनावश्यक हस्तक्षेप को बताया है।

परंतु साथ ही इनकी वजह से मानव में बेहतर आपदा प्रबंधन, पूर्व उपाय, सहयोग की भावना विकसित करके उसे सचेत किया है ताकि पुनः ऐसा न हो।


641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष: 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

(b) "क्रोध और असहिष्णुता व्यक्ति व समाज दोनों की उन्नति में बाधक हैं।" तर्कों द्वारा इस कथन की पुष्टि कीजिये। (150 शब्द) 10

"Anger and intolerance are barriers to the progress of both the individual and the society." Give arguments in favour of this statement. (150 words) 10

क्रोध से तात्पर्य है नकारात्मक आवेगों की तीव्रता के चलते व्यवहारात्मक परिवर्तन होना। तो असहिष्णुता से तात्पर्य है अपने से भिन्न विचारों को स्वीकार न करना।

क्रोध व असहिष्णुता व्यक्ति व समाज की उन्नति में बाधा हो जाते है। वस्तुतः क्रोध मानव की सोचने व नवाचारी क्षमता को सीमित करता है। यह मानव-मानव संबंधों को सहयोग व समन्वय की अपेक्षा घृणा व शत्रुता की ओर ले जाता है।

इसी तरह असहिष्णुता में विचारों की स्वीकार्यता नहीं होने से समाज में स्थिरता व रूढ़िवादिता आ जाती है। उसमें नवाचार, बहुल संस्कृति जैसी अवधारणायें अपना विकसित रूप नहीं ग्रहण कर पाती है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

इसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है पश्चिमी एशियाई देश व संयुक्त राज्य अमेरीका। पश्चिम एशियाई देशों में सहिष्णुता का निम्न स्तर होने से वहाँ सामाजिक विकास पूर्णतः बाधित है। परंतु अमेरीका व स्कैंडिनेवियाई देशों मे उच्च सहिष्णुता होने से वहाँ सर्वोच्च स्तर का विकास पाया जाता है।

इसके अतिरिक्त क्रोध व असहिष्णुता अन्य मानवोचित गुणों को भी बाधित करते हैं जैसे- सत्यनिष्ठा, प्रतिबद्धता, लोकसेवा, सहयोग आदि।

अतः क्रोध व असहिष्णुता को समन्वय, सहिष्णुता के माध्यम से बदलने का प्रयास करना चाहिए।



दृष्टि The Vision
641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष: 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

8. (a) "पृथ्वी सभी मनुष्यों की जरूरतों को पूरी करने के लिये पर्याप्त संसाधन प्रदान करती है न कि लालच पूरी करने के लिये।" प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में इस कथन की उपयोगिता का परीक्षण करें। (150 शब्द) 10

"Earth provides enough to satisfy every man's need but not every man's greed." Examine the utility of this statement regarding nature and environment protection. 10
(150 words)

महात्मा गाँधी का उपर्युक्त कथन मानव व प्रकृति के मध्य संबंधों को उजागर करती है

प्रकृति ने मानव को पर्याप्त तकनीकी, खनिज व ऊर्जा संसाधन प्रदान किये है। मानव इनका समावेशी व अनुकूलतम उपयोग करके अपने सतत विकास को जारी रख सकता है।

परंतु वर्तमान में बढ़ती भौतिकवादी व उपभोक्तावादी प्रवृत्तियों के कारण मानव प्रकृति को केवल अपनी जरूरतों की पूर्ति करने वाले साधन के रूप में देखने लगा है जिससे वायु प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन जैसी समस्यायें उत्पन्न हुयीं

यदि मानव प्रकृति के प्रति


Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

संवेदनशील रहते हुए अपनी आवश्यकता की पूर्ति करता है तो यही संसाधन मानव जाति के विकास हेतु पर्याप्त होंगे। मानव को अन्य ग्रहों पर संसाधन खोजने की जरूरत नहीं होगी।

मानव को दक्षतम, चक्रण व पुनर्चक्रण, संसाधनों के मिश्रण व जागरूकता के माध्यम से संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता है साथ ही पेरिस समझौते जैसे उपायों, नवीकरणीय ऊर्जा संसाधन व SDG लक्ष्यों की प्राप्ति में संपोषणीय प्रकृति मानव की सहायता कर सकती है।



641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-9
दूरभाष: 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: facebook.com/drishtithevisionfoundation, ट्विटर: twitter.com/drishtiias
Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

(b) "सिद्धांतों के बिना शिक्षा, एक मनुष्य को चालाक दैत्य बनाने जैसी है।" तर्कों द्वारा स्पष्ट करते हुए इस कथन की पुष्टि करें। (150 शब्द) 10

"Education without values, as useful as it is, seems rather to make man a more clever devil." Justify the statement. (150 words) 10

'सिद्धांतों (वैल्यू) के बिना शिक्षा मानव को चालाक दैत्य बना देती है।" यह कथन मूल्यों की शिक्षा प्रणाली में समावेशन की महत्ता को दर्शाते है

वस्तुतः सिद्धांत/मूल्य वे सामाजिक मानक होते हैं जिनकी समाज में स्वीकार्यता होती है। साथ ही ये समावेशी विकास, सहयोग, सहिष्णुता के विचारों को भी पोषित करते है

परंतु जब शिक्षा प्रणाली इन मूल्यों से रहित होती है तो वह व्यक्ति को आत्मकेंद्रित बना देती है। वह समाज के हितों व उसके प्रति अपने दायित्वों को भूल जाता है उसे हर जगह अपने हित नजर आते है

साथ ही सिद्धांतों से रहित शिक्षा



Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

साधन - साध्य की पवित्रता की जगह केवल साध्य की पवित्रता को प्रधानता देती है। इससे भ्रष्टाचार, शोषण जैसी गतिविधियाँ बढ़ती है

जैसे - वर्तमान शिक्षा प्रणाली का मुख्य आधार रोजगार रह गया है। इसमें सहिष्णुता, सहयोग जैसे मूल्य गायब हो गये है। इसलिए पढ़े - लिखे लोग भी आतंकवादी बन जाते है।

समग्रत मूल्य प्रधान शिक्षा मानव को सामाजिक प्राणी बनाती है न कि भावनारहित व स्वकेंद्रित होकर सोचने वाला मनुष्य।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

कृपया इस स्थान में प्रश्न संख्या के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
(Please do not write anything except the question number in this space)

कृपया इस स्थान में कुछ न लिखें।
(Please don't write anything in this space)

## खण्ड - ख / SECTION - B

